भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

11.08.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2679 का उत्तर

कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव फिर से शुरू किया जाना

2679. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोविड-19 से पहले सोनपुर मंडल के अंतर्गत कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर टाटा-छपरा एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, मिथला एक्सप्रेस, हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेनें ठहरती थी;

(ख) क्या यह सच है कि कोविड़ के बाद संचालित जयनगर-दानापुर इंटर सिटी एवं मुजफ्फरपुर-भागलपुर इंटर सिटी ट्रेन कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती हैं , लेकिन इन ट्रेनों का ठहराव कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर नहीं दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्याव कारण हैंऔर

(घ) क्या सरकार यात्रियों के हित में उपरोक्त सभी ट्रेनों का ठहराव फिर से कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर शुरू कर देगी?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) : कोविड- 19 महामारी के प्रसार को रोकने की दृष्टि से , भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया था और केवल विशेष गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही थीं। नवंबर- 2021 से मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवाओं को यौक्तिकृत समय-सारणी और नियमित संख्या के अनुसार परिचालित किया जा रहा है। यात्री सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से परिचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त , भारतीय रेल द्वारा आईआईटी-मुंबई की सहायता से समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य किया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ अनुरक्षण के लिए सृजित कर यात्रि संरक्षा को बेहतर बनाना, मौजूदा समय-सारणी में मौजूदा वसंगतियों को न्यूनतम करने के लिए की गई है। इस प्रक्रिया में गाड़ियों के ठहराव को युक्तिसंगत बनाना भी शामिल था। वर्तमान में कर्पूरी ग्राम स्टेशन पर 01 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवा और 03 जोड़ी यात्री विशेष गाड़ी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं जिन्हें यातायात के वर्तमान स्तर के लिए पर्याप्त माना जाता है। इसके अतिरिक्त , भारतीय रेल पर गाड़ियो के ठहरावों को पुन : आरंभ करने सहित गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान करना एक सतत् प्रक्रिया है , जो परिचालनिक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक औचित्य के अध्यधीन है।

******